# बालमन कुछ कहता है



मुझे दोस्त पसंद हैं

मैं आंधरा स्कूल मे पढ़ती हूँ। मुझे गाणीत विषय पसंद है। मेरे स्कूल मे बहुत सारे झूले हैं। मुझे झूले झूलना पसंद है। मुझे मेरी क्लास टीचर पसंद है। मुझे अपने दोस्त पसंद हैं। मेरे स्कूल मे एक्टीविटी भी होती हैं।

गुंजन
चौथी कक्षा
आंधरा स्कूल
नई दिल्ली

# बालमन कुछ कहता है



## मेरा स्कूल बहुत बड़ा है

मेरा स्कूल बहुत बड़ा है। मेरे स्कूल मे एक बहुत बड़ा खेल का मैदान और तैरने का तालाब है जिसमे हमे तैराकी सिखायी जाती है। मेरे स्कूल मे प्री-नर्सरी से लेकर बारवी तक क्लास है। मेरी कक्षा मे 28 ~~बच्च~~ बच्चे पढ़ते है। मेरी क्लास टीचर का नाम मेघा है। वह हमे ~~गणित~~ गणित पढ़ाते है। हमारे स्कूल मे बहुत सारे प्रोग्राम होते है। मै सभी प्रोग्राम मे हिस्सा लेता हू। अभी 26 जनवरी को हमारे स्कूल मे खेल दिवस हुआ था जिसमे मैने दौड़ मे हिस्सा लिया था। उससे पहले 9 दिसम्बर को वार्षिक उत्सव हुआ था जिसमे मेरे भाई ने एक नाटक मे भाग लिया जिसमे वह गाँव का बच्चा बना था और मैने उसमे डान्स किया था। उसमे हमारा स्टेज बहुत अच्छी तरह सजा था। उस दिन पूरा स्कूल सजा था और बहुत सारी लाइट लगी थी। उस दिन सभी लोगो के मम्मी-पापा को भी बुलाया था। सभी लोगो को प्रोग्राम बहुत अच्छा लगा था।

उत्कर्ष द्विवेदी<br>
सातवी कक्षा<br>
प्रिलयूड पब्लिक स्कूल